Headline: Bank account of TDI mall attached

टीडीआई मॉल का बैंक एकाउंट अटैच

नई दिल्ली (ब्यूरो)। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के हाउस टैक्स विभाग ने प्रॉपर्टी टैक्स के बकाये का भुगतान न होने पर जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर स्थित मैसर्स ब्राइटवेज हाउसिंग एंड लैंड डेवलपमेंट लिमिटेड के टीडीआई मॉल का बैंक खाता अटैच कर लिया है। विभाग के प्रमुख बीएन सिंह ने बताया कि ब्राइटवेज हाउसिंग पर इस संपत्ति से प्रॉपर्टी टैक्स की 1.52 करोड़ रुपये से अधिक राशि बकाया है। संबंधित कंपनी को कई बार टैक्स जमा कराने के लिए नोटिस भेजे गए, लेकिन उसने जवाब नहीं दिया, लिहाजा इस बैंक खाता अटैच करने की कार्रवाई की गई।